2 वर्षों में आग से 160 लोगों की मौत

मालवीय नगर आग हादसे पर प्रधानमंत्री ने शोक व्यक्त किया, सहायता राशि की घोषणा

नई दिल्ली ,03 जून.दिल्ली में आगजनी की घटनाओं ने पूरे देश को गहरे सदमें में डाल दिया है.यह पहली बार नहीं है कि दिल्ली आग में की जल रही है. पिछले दो साल की बात करें तो, इस तरह के आगजनी में अब तक 160 लोग झुलस गए हैं. लेकिन अब तक इन घटनाओं से सरकार ने कोई सबक नहीं लिया है.

पीएम नरेन्द्र मोदी ने मालवीय नगर में बुधवार सुबह एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों एवं घायलों के लिये सहायता राशि की घोषणा की है.प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो - दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे. पीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आग लगने की घटना में लोगों की जान जाना एक दुखद घटना है.

अग्निकांड में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : सूद

दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने कहा है कि मालवीय नगर हादसे के लिए जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. श्री सूद ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद पत्रकारों से कहा कि इमारत मालिक और लापरवाही बरतने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

खरगे, राहुल, प्रियंका ने मालवीय नगर अग्निकांड पर जताया शोक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधानी के मालवीय नगर स्थित एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। कांग्रेस नेताओं ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव में पूरा सहयोग करने की अपील करते हुए सरकार से पीड़ित परिजनों को सहायता देने का भी आग्रह किया है.

मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मालवीय नगर में हुई दुखद अग्निकांड की घटना से वह अत्यंत दुखी हैं. उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को पीड़ितों को समय पर तथा पर्याप्त मुआवजा उपलब्ध कराना चाहिए.

राहुल गांधी ने कहा कि मालवीय नगर में आग लगने से कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है. उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राहत एवं बचाव कार्यों में हरसंभव योगदान देने की अपील की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की.

प्रियंका ने कहा कि होटल में आग लगने के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु तथा 36 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत हृदयविदारक है. उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से यथासंभव सहायता करने की अपील भी की है.

लोगों ने कूदकर बचाई जान

प्रमुख बिंदु....

- इस घटना में 6 कांस्टेबल, और 6 हेड कांस्टेबल लोगों की जान बचाने में जख्मी हो गए. जिनको एम्स में भर्ती किया गया.
- होटल में केवल एक ही मुख्य प्रवेश और निकास मार्ग होने से रेस्क्यू में बाधा आई.
- सूत्रों के अनुसार, होटल को 6 कमरों की अनुमति थी, लेकिन 25 कमरे संचालित किए जा रहे थे.
- क्षमता से अधिक करीब 40 मेहमानों को होटल में ठहराए जाने की बात सामने आई है.
- तीन पार्टनर मिलकर ये होटल चला रहे थे. होटल का मालिक का नाम लोकेश बजाज है.
- आग की शुरुआत बेसमेंट स्थित रेस्टोरेंट 'लेमन ग्रीन' से हुई.
- बचाव अभियान में पुलिस, दमकल और आपातकालीन टीमों ने 40 से अधिक लोगों को निकाला
- मैक्स अस्पताल में 39 घायलों को लाया गया, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई गई.
- घायलों में 9 भारतीय और 11 विदेशी नागरिक शामिल हैं.

मुंबई में हल्की बौछारों से यातायात ठप

वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर लगी लंबी कतारें

मुंबई, 3 जून. मुंबई के कई हिस्सों में बुधवार को हुई हल्की से मध्यम मानसून-पूर्व की बौछारों के कारण मुख्य सड़कों पर भीषण ट्रैफिक जाम लग गया और सुबह के व्यस्त समय के दौरान हजारों यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा.

वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे (डब्ल्यूईएच), ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे (ईईएच), जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड (जेवीएलआर) और पवई के कुछ हिस्सों में शहर में हुई बरसात के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गयीं. महालक्ष्मी, मरीन ड्राइव, बांद्रा, अंधेरी, विले पार्ले, कांदिवली, मीरा रोड, विरार, घाटकोपर, मुलुंड और कुर्ला के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बौछारें दर्ज की गयीं. यातायात में यह व्यवधान ऐसे समय में हुआ जब बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) शहर भर में मानसून की तैयारियों के उपाय कर रहा है. शहर के प्रमुख नालों की गाद निकालने और सफाई करने कचरे के ढेरों को हटाने और सड़कों के कंक्रीटीकरण का काम चल रहा है. यात्रियों ने वाकोला ब्रिज, कलिना और जोगेश्वरी फ्लाईओवर के पास यातायात की गति धीमी होने की शिकायत की, जबकि मुलुंड और कांजुरमार्ग के बीच के हिस्से में थोड़ी देर की बारिश के बाद भारी जाम देखा गया. कई वाहन चालकों ने ट्रैफिक जाम के हालात के बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की.

राज्य का दर्जा बहाली समेत कई मुद्दों पर मंथन

श्रीनगर, 03 जून. जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों, सांसदों और मंत्रियों के साथ यहां डाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक की.

राज्य का दर्जा बहाल करने में हो रही देरी और अन्य अहम मुद्दों को लेकर बढ़ती राजनीतिक चिंताओं के बीच इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है. श्री अब्दुल्ला ने इसे ऑफ-साइट बैठक बताया. सीमित मोबाइल नेटवर्क वाले इस स्थान पर आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए पार्टी विधायक और सांसद पहले मुख्यमंत्री के गुपकार रोड स्थित निजी कार्यालय पहुंचे, जहां से उन्हें बसों में बैठाकर डाचीगाम ले जाया गया.

सूत्रों के अनुसार प्रतिभागियों को पहले से गंतव्य की जानकारी नहीं दी गयी थी. श्री अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, हम पिछले 19 महीनों की उपलब्धियों, चुनौतियों और अन्य पहलुओं की समीक्षा के लिए ऑफ-साइट जा रहे हैं.

सरकार की नयी कृषि कर्ज माफी योजना पर छिड़ा सियासी घमासान

सरकार के कदम से लाखों किसानों को मिलेगी राहत

मुंबई, 03 जून. महाराष्ट्र सरकार द्वारा किसानों के लिए दो लाख रुपये तक की कर्ज माफी को मंजूरी दिए जाने के फैसले के बाद राज्य में एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है. जहां एक ओर महायुति सरकार का दावा है कि इस कदम से लाखों किसानों को बड़ी राहत मिलेगी.

वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने इस योजना की कड़ी निंदा करते हुए इसे एक धोखा, राजनीतिक स्टंट और किसान समुदाय के साथ एक क्रूर मजाक करार दिया है. कैबिनेट बैठक के दौरान, सरकार ने पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर शेतकरी कर्जमुक्ति योजना 2026% की घोषणा की, जिसका उद्देश्य 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2025 के बीच वितरित किए गए अल्पकालिक फसल ऋण को माफ करना है.

इस पैकेज में उन किसानों के लिए 50,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी शामिल है, जिन्होंने नियमित रूप से अपने कर्ज का भुगतान किया है. हालांकि, कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के नेतृत्व वाले विपक्ष ने इस राहत के साथ जुड़ी शर्तों को लेकर सरकार पर निशाना साधा है.

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने राज्य के 50 प्रतिशत से अधिक किसानों को इस योजना से बाहर रखने के लिए जानबूझकर जटिल नियम पेश किए हैं. श्री सपकाल ने कहा कि यह कोई वास्तविक राहत पैकेज नहीं बल्कि किसानों का क्रूर मजाक है. कर्ज माफी को विशिष्ट तारीखों तक सीमित करके और इसे केवल फसल ऋण तक ही प्रतिबंधित करके, सरकार ने उन किसानों को बाहर कर दिया है जिन्होंने सिंचाई, पाइपलाइन या पशुपालन के लिए ऋण लिया था. इसके अलावा, प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिए किसानों को 2026-27 तक अपना पूरा कर्ज चुकाने की शर्त पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है.

एक नजर में

सालाना 4 लाख आमदनी वालों को भी मिलेगा लाभ

पटना, 3 जून. बिहार सरकार ने राज्य के निवासियों खासकर गरीब वर्ग के लोगों के लिए ईलाज की सुविधा बढ़ा दी है और अब सालाना 4 लाख रुपये की आमदनी वाले लोगों को भी मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना का लाभ मिलेगा. पहले यह वार्षिक आय सीमा 2 लाख 50 हजार रुपये ही थी. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस आय सीमा को बढ़ाते हुए 4 लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया. इस निर्णय से बड़ी संख्या में राज्य के नागरिकों को लाभ मिलेगा. मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी ने आज संवाददाताओं को बताया कि कैबिनेट की बैठक में 13 एजेंडों पर मुहर लगी. उन्होंने कहा कि डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के तहत भोजपुर जिला में बाणासुर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क की स्थापना करने के लिए राशि जारी की गई. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के गैर लाभुक अवयव के तहत इस पार्क की स्थापना की गई है. इसमें केंद्रांश और राज्यांश मिलाकर 31 करोड़ 20 लाख 92 हजार रुपये दिए गए हैं. इससे राज्य के मात्स्यिकी एवं जल कृषि की संपूर्ण वैल्यू चेन एवं आधारभूत संरचनाओं के साथ-साथ मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक बढ़ोतरी, मत्स्य प्रसंस्करण, व्यापार, वैज्ञानिक मत्स्य पालन तकनीक की प्रशिक्षण तथा मनोरंजन गतिविधियों का समेकित रूप से समग्र विकास होगा।

निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का रिकार्ड बनाएंगे मोदी

नई दिल्ली, 03 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 10 जून को आजाद भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का रिकार्ड बनायेंगे. अभी तक यह रिकार्ड देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के नाम था. श्री मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी. इसके बाद से वह देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार काम कर रहे हैं. आगामी दस जून को प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के 4399 दिन पूरे हो जायेंगे. यह पंडित नेहरू के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 4398 दिन के कार्यकाल से अधिक है. पंडित नेहरू 13 मई 1952 से 27 मई 1964 तक प्रधानमंत्री रहे थे. वैसे पंडित नेहरू आजादी के बाद 15 अगस्त 1947 को भारत के प्रधानमंत्री बने थे लेकिन तब वह निर्वाचित नहीं बल्कि अंतरिम सरकार में प्रधानमंत्री थे. इससे पहले श्री मोदी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 4077 दिन के कार्यकाल से आगे निकल गये थे. श्रीमती गांधी 24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977 तक लगातार प्रधानमंत्री रही थी. यद्यपि वह बाद में 1980 में भी प्रधानमंत्री चुनी गयी थी. श्री मोदी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में भी 9000 से भी अधिक दिन तक कार्य कर चुके हैं. उन्होंने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में 9 जून 2024 को शपथ ली थी. सूत्रों के अनुसार दस जून को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग की राज्य सरकारों के मुख्यमंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक होगी. जिसमें श्री मोदी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी जायेगी. इस अवसर पर एक प्रस्ताव भी पारित किये जाने की संभावना है.

जापान में तूफान ने मचाई तबाही

टोक्यो, 3 जून. उष्णकटिबंधीय भीषण तूफान जोंगमी के चलते तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश ने बुधवार सुबह जापान के विभिन्न हिस्सों में कहर बरपाया जिससे लगभग 60 हजार से घर प्रभावित हुए हैं.

60 हजार घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित

900 अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं

जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि तूफान का केंद्र मुख्य मध्य द्वीप होंशू से दूर था, जो 25 मीटर प्रति सेकंड की अधिकतम निरंतर हवा की गति के साथ उत्तर-पूर्व में ग्रेटर टोक्यो क्षेत्र की ओर बढ़ रहा था. सरकारी प्रवक्ता मिनोरू किहारा ने नियमित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस सीजन का यह छठा चक्रवाती तूफान है. इसके स्तर को कम कर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल दिया गया था, उसका केंद्रीय दबाव 980 एचपीए है. तूफान के कारण बुधवार सुबह करीब 900 अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गयीं. इसकी वजह से लगभग 60,000 घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है. श्री किहारा ने लोगों को सलाह दी, अगर आपको किसी भी खतरे का आभास होता है, तो कृपया अपनी जान बचाने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाने में संकोच न करें।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश पिता श्री देवराम जी जरिया एवं श्रीमती शकुंतला पति श्री जगदीश जी जरिया के स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति भूखण्ड क्रमांक 16, मेनन कॉलोनी, खजराना इंदौर पर स्थित है। यह कि सदर संपत्ति बाबद मूल पंजीकृत दस्तावेज क्र.1अ/ 4591/1964 जो कि श्री वडक्कठ रमण मेनन के द्वारा श्री माधवराव पिता श्री सीतारामजी के पक्ष में लीज डिड निष्पादित किगई थी एवं पंजीकृत दस्तावेज क्र. 1अ/4895 दिनांक 19/08/1969 जो कि श्री माधवराव पिता श्री सीतारामजी के द्वारा श्री बालमुकुंद मेथिल पिता श्री मंशारामजी एवं श्री राधाकृष्णन पिता श्री मंशारामजी मेथिल जी के पक्ष में निष्पादित किया गया था कही गुम हो गया है, जिसकी सुचना पुलिस को दे दी गई है। सदर सम्पत्ति को उपरोक्त स्वामियों द्वारा मेरी पक्षकार भारतीय स्टैट बैंक के समक्ष बंधक रख कर अतिरिक्त ऋण प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। अत: सदर संपत्ति एवं उपरोक्त गुम हुए दस्तावेज बाबद किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विभाग आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में मय लेखी दस्तावेजो प्रमाण हमें सूचित करे अन्यथा बाद मियाद कोई भी आपत्ति मान्य योग्य नहीं होगी

आर. सी. बडजात्या, हाईकोर्ट ऐडवोकेट
फ्लेट न 1 स्टेट बैंक अभिलाषा सोसायटी, 23/2 मनोरमागंज, इंदौर(म.प्र.)
मो. न. 9425052001

कार्यालय कलेक्टर, जिला-खण्डवा

:: विज्ञप्ति ::

मामला क्रमांक 90-अ-59 / 2024-25 दिनांक 18/05/2026

ग्राम खण्डवा तरफ मानकर तहसील खण्डवा 10082

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आयुक्त नगर पालिका निगम खण्डवा द्वारा पत्र क्रमांक ज.का.उ.वि./2026/41, दिनांक 08.04.2026 के माध्यम से प्रतिवेदित किया है. कि अमृत 2.0 योजना अंतर्गत खण्डवा शहर में सिवरेज योजना का क्रियान्वयन किया जाना प्रस्तावित है उक्त योजना में शहर के विभिन्न स्थानों पर पम्पिंग स्टेशन एवं सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट का निर्माण होना हैं, इस हेतु STP-2 (रामनगर से आगे) ख.न. 22 रकबा 1.23 हेक्टेयर भूमि रा.प्र.क. 90-अ-59 / 2024-25 आदेश दिनांक 31.10.2025 से आवंटित की गई थी। वर्तमान में उक्त भूमि पर STP-2 का निर्माण तकनीकी कारणों से नहीं किया जा रहा है, अतः उक्त आवंटित भूमि पर STP-2 के स्थान पर श्वान आश्रय स्थल एवं गौ शवदाह स्थल निर्माण प्रयोजन हेतु आदेश संशोधित किये जाने का अनुरोध किया है।

2- अतः आयुक्त नगर पालिका निगम खण्डवा नगरीय प्रशासन विभाग को ग्राम खण्डवा तरफ मानकर खण्डवा चिराखान तहसील खण्डवा स्थित आवंटित भूमि खसरा नम्बर 22 रकबा 1.23 हेक्टेयर अर्थात 12300 वर्गमीटर का प्रयोजन STP-2 के स्थान पर श्वान आश्रय स्थल एवं गौ शवदाह स्थल निर्माण स्थापित किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 08/06/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाली दावा / आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। विज्ञप्ति आज दिनांक 18/05/2026 को हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(ऋषव गुप्ता)
कलेक्टर
जिला-खण्डवा

कार्यालय इन्दौर विकास प्राधिकारी, इन्दौर

7, रेसकोर्स रोड, इन्दौर
जहाँ निरन्तर विकास ही लक्ष्य है

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक: 83 / ई.टी./2026-27 दिनांक : 02.06.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य की यह संक्षिप्त निविदा सूचना है, विस्तृत विवरण म.प्र. शासन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन निर्धारित शुल्क भुगतान कर कय किये जा सकते है।

अ. क्र.	पोर्टल टेण्डर क्रमांक व दिनांक	कार्य का नाम	निविदा राशि (रुपये में)	अर्नेस्ट मनी (रूपये में)	ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक
1	2026_DTCP_511918_1 01-06-2026	EXTERNAL ELECTRIFICATION (TRANSFORMER, HT LINE EXTENSION AND BUY BACK OF TRANSFORMER AND RMU) WORK OF SENIOR CITIZEN BUILDING |(SNEH DHAM) AT SCHEME NO. 134 INDORE (1st Call)	1334365	26687	12/06/2026
2	2026_DTCP_512377_1 02-06-2026	REPAIR, MAINTENANCE, TESTING AND COMMISSIONING WORK OF EXISTING FIRE FIGHTING SYSTEM INSTALLED AT HARSHINGAR COMPLEX INCLUDING DG SET SERVICING LOCATED AT | SCHEME NO. 136 INDORE (1st Call)	1160000	23200	19/06/2026

नोट: निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को केवल विभागीय वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही अपलोड किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
इन्दौर विकास प्राधिकरण, इन्दौर

कार्यालय नगर परिषद तराना जिला उज्जैन म.प्र.

Notice Inviting e-Tenders
Government of Madhya Pradesh
Urban Administration and Development Department

N.I.T. No. /E-tender/Tarana/2026/1029 Dated: 01/06/2026

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

S. No.	Name of Work	District	Probable Amount of Contract (Rs. in lakh)	Earnest Money Deposit (EMD) (In Rupees)	Cost of Bid Document (In Rupees)	Period of Completion (in Months)
01	CC ROAD AND DRAIN MADARBAD MASJID CHORHE SE BSNL OFFICE KI PULIYA TAK 2026_UAD_512104_1	Ujjain	56.29 lacs	42213/-	5000/-	06 MONTH

1. Interested bidders can view the NIT on website: https://mptenders.gov.in

(विरेन्द्र कुमार मेहता)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् तराना, जिला उज्जैन

नगर पालिका परिषद्, मन्दसौर (म.प्र.)
MUNICIPAL COUNCIL, MANDSAUR (M.P.)
GANDHI SQUARE, MANDSAUR
E-MAIL - cmomandsaur@mpurban.gov.in / Website- www.nagarpalikamandsaur.com

क्रमांक 1966 / ऑनलाइन निविदा/लो. नि./2026 मंदसौर दिनांक 03/06/2026

: : ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रथम) आमंत्रण सूचना : :

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मन्दसौर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_512209_1	वार्ड क्र. 19 एवं 20 के मध्य, शुक्ला चौक, अन्नपूर्णा स्टेशनरी से गणपति चौक, बड़ा चौक होते हुए धानमण्डी चौराहा तक एक साईड में वी-शेप नाली एवं डामरीकरण रोड़ निर्माण कार्य	29,28,134/-	21,961/-	5000/-
2	2026_UAD_512160_1	वार्ड क्र. 14 जैन कॉलोनी में गेहलोत इंग्लिश होम होस्टल से मोहनलाल जी जाटव के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	17,18,109/-	12,885/-	5000/-
3	2026_UAD_512219_1	वार्ड क्र. 31 में पंकज जी खेतरा के मकान से नाले के पास सीताबाई के घर तक नाली एवं सीमेंट कांक्रीट रोड़ निर्माण कार्य	18,01,680/-	13,512/-	2,000/-
4	2026_UAD_512150_1	वार्ड क्र. 06 में तलेरा विहार से शास्त्री कॉलोनी तक लिंक रोड़ निर्माण कार्य	10,88,833/-	8,166/-	2,000/-
5	2026_UAD_511901_1	वार्ड क्र. 01 में मोहनसिंह जी चौहान के घर के सामने बगीचा विकास कार्य	7,71,808/-	7,718/-	2,000/-
6	2026_UAD_512155_1	वार्ड क्र. 07 में स्थित बीमा हॉस्पिटल के आसपास का ऐरिया एवं माता जी के सामने सीमेंट कांक्रीट रोड़ निर्माण कार्य	12,51,440/-	9,385/-	2,000/-
7	2026_UAD_511925_1	वार्ड क्र. 03 में महावीर कॉलोनी में पीछे की साईड सुख सुविधा मेडिकल गली नं. 1 व 2 में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	7,72,617/-	7,726/-	2,000/-
8	2026_UAD_511975_1	वार्ड क्र. 03 मयूर कॉलोनी गली नं. 04 (महेन्द्र जी परिहार के मकान की ओर) आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	4,63,570/-	4,636/-	2,000/-
9	2026_UAD_511950_1	वार्ड क्र. 03 मयूर कॉलोनी (A.) चापड़े वाली दुकान से राइट साईड तक (B.) सोनगरा जी के मकान से बजरंग रेस्टोरेंट तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	5,83,841/-	5,838/-	2,000/-
10	2026_UAD_512107_1	वार्ड क्र. 33 रामु नलवाया जी की दुकान (मकान) से अल्टु डाबर के गौदाम, पेट्रोल पम्प, जटिया मोहल्ला होते हुए श्री चारभुजानाथ मंदिर की गली तक नाली निर्माण कार्य	8,93,752/-	8,938/-	2,000/-
11	2026_UAD_511917_1	वार्ड क्र. 03 कोठारी कॉलोनी में (चाचा चक्की वाले की साईड में) आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	8,54,478/-	8,545/-	2,000/-
12	2026_UAD_512204_1	वार्ड क्र. 17 में माहेश्वरी धर्मशाला के पीछे सी.सी. नाला निर्माण कार्य	25,42,297/-	19,067/-	5,000/-
13	2026_UAD_512212_1	वार्ड क्र. 26 चन्द्रपुरा क्षेत्र में श्री पशुपतिनाथ मंदिर मेन रोड़ से गोपालसिंह तोमर के मकान तक डामरीकरण रोड़ निर्माण कार्य	11,79,150/-	8,843/-	2,000/-
14	2026_UAD_512208_1	काटजु मार्केट में टीन शेड निर्माण कार्य	12,20,319/-	9,152/-	2,000/-
15	2026_UAD_512030_1	नगर पालिका कार्यालय भवन के बेसमेंट में पानी का रिसाव रोकने के लिए सी. सी. एवं ड्रेनेज निर्माण कार्य	3,58,548/-	3,585/-	2,000/-
16	2026_UAD_512011_1	वार्ड क्र. 09 संजय गांधी उद्यान में पाथ-वे निर्माण कार्य	6,66,635/-	6,666/-	2,000/-
17	2026_UAD_512086_1	वार्ड क्र. 33 अशोक नगर में पेवर ब्लॉक एवं अन्य निर्माण कार्य	9,19,621/-	9,196/-	2,000/-
18	2026_UAD_512238_1	वार्ड क्र. 39 शाकुन्तलम बगीचे के आसपास गवरिया जी व मंजुश्री चौधरी के मकान के सामने गलियों में डामरीकरण कार्य	10,55,354/-	7,915/-	2,000/-
19	2026_UAD_512240_1	वार्ड क्र. 39 M.I.S. स्कूल रोड़ की ओर शारदा विहार गेट तक एवं चौधरी ट्रेक्टर के पीछे वाली गली में डामरीकरण कार्य	21,45,884/-	16,094/-	2,000/-
20	2026_UAD_512234_1	वार्ड क्र. 39 में शिवजी बसेर नगर से यशपाल राणा के मकान के आस पास वाली गलियों में डामरीकरण कार्य	20,20,753/-	15,155/-	2,000/-

शर्ते

01. इच्छुक दरदाता कार्य की विस्तृत निविदा वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देख सकते हैं। निविदा में दी गई शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।
02. ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने एवं निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथियां वेबसाईट पर अपलोड किए गए टेंडर की key dates अनुसार रहेगी।
03. यदि निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह वेबसाईट पर ही प्रर्दशित होगा। जिसका अलग से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही कराया जावेगा।

श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मन्दसौर
श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद मन्दसौर
श्रीमती निर्मला नरेश चंदवानी सभापति (लो.नि.) नगर पालिका परिषद मन्दसौर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मन्दसौर